संख्या— 831 / 14—2—2018—800 (72) / 2018

प्रेषक,

आशीष तिवारी
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार, पर्यावरण,, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय भवन
पंचम तल सेक्टर एच, अलीगंज विस्तार
लखनऊ।

वन एवं वन्य जीव अनुभाग—2 लखनऊ, दिनांक 19 अप्रैल 2018

विषयः— सहारनपुर में नगरीय गैस वितरण परियोजनान्तर्गत बी0पी0सी0एल0 द्वारा 8"/6" व्यास की गैस पाइप लाईन डालने हेतु शिवालिक वन प्रभाग की बिना वृक्ष पातन के 0.136 हे0 संरक्षित वनभूमि व सा0वा0 सहारनपुर में 6.207 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 109 वृक्षों व 116 पोल्स के पातन की अनुमति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी के पत्र संख्या—2804/सहारनपुर/समेकित/27358/2017, ,दिनांक—02—4—2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, लखनऊ द्वारा सहारनपुर में नगरीय गैस वितरण परियोजनान्तर्गत बी0पी0सी0एल0 द्वारा 8"/6" व्यास की गैस पाइप लाईन डालने हेतु शिवालिक वन प्रभाग की बिना वृक्ष पातन के 0.136 हे0 संरक्षित वनभूमि व सा0वा0 सहारनपुर में 6.207 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 109 वृक्षों व 116 पोल्स के पातन की अनुमति का प्रस्ताव अपने स्तर से परीक्षण करने के उपरान्त शासन को उपलब्ध कराया गया है। प्रस्ताव के अनुसार उक्त प्रयोजन हेतु मांगी गयी वनभूमि न्यूनतम है और इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। चूँकि प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जा रहा है, अतएव प्रश्नगत वनभूमि को गैर वानिकी प्रयोग के लिये दिये जाने में विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव से शासन सहमत हैं।

2— अतएव उक्त प्रस्ताव मूल रूप में (एक प्रति) संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया वन (संरक्षण) अधिनियम,1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।
संलग्नकः— यथोपरि।

भवदीय,

(आशीष तिवारी )
विशेष सचिव

संख्या—831(1)/14—2—2018—तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1— मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0,लखनऊ।
2— वन संरक्षक, सहारनपुर वृत्त सहारनपुर।
3— जिलाधिकारी सहारनपुर।
4— प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग सहारनपुर।
5— श्री विजय दुग्गल मुख्य महाप्रबंधक, बी0पी0सी0एल0,, 200 प्रथम त पैरामाउण्ट टूलिप दिल्ली रोड सहारनपुर।
6— गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आशीष तिवारी )
विशेष सचिव